# तुमपे है विश्वास बिहारी लाज नहीं जाने देना लिरिक्स

तुमपे है विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना,
लाख तूफां आंधी आए,
लाख तूफां आंधी आए,
आंच नहीं आने देना,
तुमपे हैं विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना।**bd**।

तर्ज – कस्मे वादे प्यार।

---

जग की झूठी मोह माया ने,
मुझको ऐसा घेर लिया,
जिसको मैंने अपना माना,
उसने भी मुंह फेर लिया,
बन बेसहारा, शरण पड़ा हूँ,
चरणों में अपने जगह देना,
तुमपे हैं विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना।**bd**।

---

लाज का बेरी बना जमाना,
लाज तुम्हारे हाथ है,
विपदाओं से क्यों घबराऊँ,
तू जो मेरे साथ है,
बिच भंवर में, नाव ये डोले,
इसको किनारा दे देना,
तुमपे हैं विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना।**bd**।

---

जिन आँखों में कांच के जैसा,
हरदम चुभता रहता हूँ,
उन नज़रों से नज़रें मिलाकर,
जय श्री श्याम कहता हूँ,
द्वार खड़ा है 'कुमार' कन्हैया,
मुझको सहारा दे देना,
**Bhajan Diary Lyrics,**
तुमपे हैं विश्वास बिहारी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लाज नहीं जाने देना।bd।

तुमपे है विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना,
लाख तूफां आंधी आए,
लाख तूफां आंधी आए,
आंच नहीं आने देना,
तुमपे हैं विश्वास बिहारी,
लाज नहीं जाने देना।bd।

**Singer & Lyrics – Sanjay Kumar**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com